# NATIONAL SERVICE SCHEME

## NSS ACTIVITIES

## ANNUAL REPORT (2025-26)

# SHAH SATNAM JI GIRLS COLLEGE

# SRI GURUSAR MODIA

Tehsil Suratgarh Dist. Sri Ganganagar

Affiliated to MGSU Bikaner (Raj.)

Principal: Dr. Navjot Gill

NSS COORDINATOR: Ms. Lalita

# विश्व स्वास्थ्य दिवस – 07 अप्रैल 2025

## *HEALTH AWARENESS PROGRAMME*

दिनांक 07 अप्रैल 2025 को शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय, श्री गुरुसर मोडिया की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा World Health Day 2025 के उपलक्ष्य में एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर छात्राओं को शाह सतनाम जी स्पेशलिटी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहाँ डॉ. धर्मवीर (फिजिशियन) ने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। छात्राओं को स्वास्थ्य विशेषज्ञों से संवाद करने एवं अपने प्रश्नों के समाधान प्राप्त करने का अवसर भी मिला।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं सकारात्मक सोच विकसित करने पर विशेष बल दिया गया।

एन.एस.एस. प्रभारी श्रीमती ललिता ने छात्राओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की शपथ दिलवाई।

प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ जीवनशैली न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाती है, बल्कि मानसिक एवं भावनात्मक संतुलन को भी बनाए रखने में सहायक होती है।

यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ एवं छात्राओं के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ।





# डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती – 14 अप्रैल 2025

## *ESSAY, SPEECH AND POETRY COMPETITIONS*

शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय, श्री गुरुसर मोडिया की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर कविता, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस गतिविधि का उद्देश्य छात्राओं को डॉ. अंबेडकर के विचारों, संघर्ष एवं समाज में उनके योगदान के प्रति जागरूक करना था।

प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सामाजिक न्याय, समानता एवं शिक्षा के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कविता प्रतियोगिता में रचनात्मक अभिव्यक्ति देखने को मिली, निबंध प्रतियोगिता में विचारपूर्ण लेख प्रस्तुत किए गए तथा भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं ने प्रभावशाली वक्तृत्व कौशल का प्रदर्शन किया।

परिणाम (Winners):

| * भाषण प्रतियोगिता: | * कविता प्रतियोगिता: | * निबंध प्रतियोगिता: |
|---|---|---|
| प्रथम – कुमारी भागवंती | प्रथम – कुमारी लवप्रीत | प्रथम – कुमारी मनीषा |
| द्वितीय – कुमारी वंशिका | द्वितीय – कुमारी निशा | द्वितीय – कुमारी महकवीर |
| तृतीय – कुमारी समेस्ता | तृतीय – कुमारी अनु बाला | तृतीय – कुमारी कोमल |

एन.एस.एस. इकाई द्वारा छात्राओं को अपने विचार स्पष्ट रूप से व्यक्त करने एवं समाज के प्रति जागरूक बनने के लिए प्रेरित किया गया। यह गतिविधि सफलतापूर्वक संपन्न हुई।



# पंचायती राज दिवस – 24 अप्रैल 2025

## *LECTURE AND EDUCATIONAL VISIT ON PANCHAYATI RAJ SYSTEM*

दिनांक 24 अप्रैल 2025 को शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय, श्री गुरुसर मोडिया की NSS इकाई द्वारा पंचायती राज दिवस के अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम एवं पंचायत भवन, श्री गुरुसर मोडिया का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में स्थानीय स्वशासन एवं लोकतांत्रिक भागीदारी के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था।

राजनीति विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापिका सुश्री काजल छलाना एवं छात्राओं द्वारा "पंचायती राज प्रणाली" विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। छात्राओं को पंचायत व्यवस्था की संरचना एवं कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई।

ग्राम पंचायत भ्रमण के दौरान सरपंच श्री गुरखेत सिंह एवं एल.डी.सी. श्री राकेश सहारण ने छात्राओं को ग्राम सभा, सरपंच की भूमिका एवं पंचायत कार्यों के बारे में अवगत कराया।

प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल ने छात्राओं को लोकतांत्रिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ।






# विश्व तंबाकू निषेध दिवस – 31 मई 2025

## *PLEDGE PROGRAMME*

दिनांक 31 मई 2025 को शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय, श्री गुरुसर मोडिया की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर छात्राओं को तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर एवं हृदय रोग तथा इसके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक एवं शिक्षित किया गया।

एन.एस.एस. की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

एन.एस.एस. प्रभारी श्रीमती ललिता ने छात्राओं को तंबाकू का सेवन न करने एवं समाज में इसके विरुद्ध जागरूकता फैलाने की शपथ दिलवाई।

प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल ने अपने संबोधन में कहा कि तंबाकू मुक्त जीवन ही स्वस्थ एवं सशक्त समाज की आधारशिला है।
यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ एवं छात्राओं के लिए अत्यंत जागरूकतापूर्ण सिद्ध हुआ।






# विश्व पर्यावरण दिवस – 05 जून 202

## *TREE PLANTATION PROGRAMME*

दिनांक 05 जून 2025 को शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय, श्री गुरुसर मोडिया की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर "एक यूथ – एक पौधा" थीम के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा हरित वातावरण को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयं सेविकाओं एवं महाविद्यालय के स्टाफ द्वारा परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में लगभग 30 पौधे लगाए गए, जिनमें शीशम, नीम आदि प्रमुख रूप से शामिल थे। छात्राओं को पेड़ों के महत्व, पर्यावरण संतुलन में उनकी भूमिका तथा प्रदूषण नियंत्रण के उपायों के बारे में जानकारी दी गई।

सभी स्वयं सेविकाओं ने एक-एक पौधा लगाने एवं उसकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया।

यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ एवं छात्राओं के लिए प्रेरणादायक एवं उपयोगी सिद्ध हुआ।

**Outcome/Impact:**

• छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित हुई।

• पौधारोपण के माध्यम से हरित वातावरण को बढ़ावा मिला।






# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस – 21 जून 2025

## *INTERNATIONAL YOGA DAY CELEBRATION*

दिनांक 05 जून 2025 को शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय, श्री गुरुसर मोडिया की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर "एक यूथ – एक पौधा" थीम के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा हरित वातावरण को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयं सेविकाओं एवं महाविद्यालय के स्टाफ द्वारा परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में लगभग 30 पौधे लगाए गए, जिनमें शीशम, नीम आदि प्रमुख रूप से शामिल थे। छात्राओं को पेड़ों के महत्व, पर्यावरण संतुलन में उनकी भूमिका तथा प्रदूषण नियंत्रण के उपायों के बारे में जानकारी दी गई।

सभी स्वयं सेविकाओं ने एक-एक पौधा लगाने एवं उसकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया।

यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ एवं छात्राओं के लिए प्रेरणादायक एवं उपयोगी सिद्ध हुआ।

**Outcome/Impact:**

- छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित हुई।
- पौधारोपण के माध्यम से हरित वातावरण को बढ़ावा मिला।



Government of India
Ministry of Ayush

Shri Narendra Modi
Hon'ble Prime Minister

YOGA SANGAM PATRA

This is to certify that

M/s SHAH SATNAM JI GIRLS COLLEGE SRI GURUSAR MODIA

organized Yoga Sangam event to mark the International Day of Yoga on 21st June 2025.

The event was organized

at SRI GURUSAR MODIA and had the participation of 60 people.

It is also to certify that this event was held simultaneously and in harmony with the national event of International Day of Yoga 2025, led by the Hon'ble Prime Minister at Visakhapatnam, Andhra Pradesh.

Prataprao Jadhav
Union Minister of State (IC), Ministry of Ayush and Minister of State, Ministry of Health and Family Welfare

Date: 21st June 2025
New Delhi



# नशा मुक्ति एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम – 26 जून 2025

## *ANTI-DRUG AWARENESS AND TREE PLANTATION PROGRAMME*

दिनांक 26 जून 2025 को शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय, श्री गुरुसर मोडिया में अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर नशा मुक्ति एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करना था।
कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा उन्हें नशे से दूर रहने एवं समाज को नशा मुक्त बनाने का संदेश दिया गया। साथ ही महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के महत्व को भी समझाया गया।
इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई तथा समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया।
कार्यक्रम के अंत में सभी को नशा मुक्त जीवन अपनाने एवं अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया।
यह कार्यक्रम महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई के तत्वावधान में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

**Outcome/Impact:**

- छात्राओं में नशा मुक्ति एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ी।
- वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हुआ।


FRI,27 JUNE 2025
EDITION: SHRI GANGA NAGAR, PAGE NO. 3

नशा मुक्ति शपथ व वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

पत्रिका

नशा मुक्ति की शपथ ली और पौधे लगाए

श्रीगंगानगर जिला भास्कर 27-06-2025

घमंडिया | गुरुसर मोडिया स्थित शाह सतनाम गर्ल्स कॉलेज में नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम व पौधारोपण हुआ। प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल ने समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ दिलवाई। बाद में कॉलेज में पौधारोपण किया। इस दौरान औषधीय और छायादार पौधे भी लगाए गए।



# विशेष पौधारोपण कार्यक्रम – 08 अगस्त 2025

## *TREE PLANTATION PROGRAMME*

**“एक पेड़ माँ के नाम” अभियान (भारत सरकार) के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण हेतु यह गतिविधि आयोजित की गई।**

दिनांक 08 अगस्त 2025 को शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय, श्री गुरुसर मोडिया की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा माननीय राज्यपाल, राजस्थान के निर्देशानुसार विशेष पौधारोपण गतिविधि आयोजित की गई।
इस गतिविधि का उद्देश्य छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा हरित वातावरण के निर्माण में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना था।
इस अवसर पर NSS की स्वयंसेवी छात्राओं द्वारा 32 मॉड आंगनवाड़ी परिसर में कुल 20 पौधे लगाए गए, जिनमें जामुन, मोरिंगा एवं नीम प्रमुख रूप से शामिल थे।
महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे तथा उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल ने पर्यावरण संरक्षण को सभी की सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए छात्राओं के प्रयासों की सराहना की।
यह गतिविधि राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई के तत्वावधान में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

**Outcome/Impact:**

- छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी।
- हरित वातावरण को बढ़ावा मिला।

📷 कार्यक्रम की झलकियाँ






# अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस – 12 अगस्त 2025

## *CREATIVE EXHIBITION & COMPETITIONS*

दिनांक 12 अगस्त 2025 को शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय, श्री गुरुसर मोडिया की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस उत्साह एवं जोश के साथ मनाया गया।
इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग, भाषण तथा क्रिएटिव प्रदर्शनी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।
पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता की थीम "सांप्रदायिक सद्भाव" रही, जिसमें कुमारी प्रज्ञा (बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर) ने प्रथम, कुमारी प्रेरणा (बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर) ने द्वितीय तथा कुमारी कोमल (बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
भाषण प्रतियोगिता "महिला सशक्तिकरण" विषय पर आयोजित की गई, जिसमें कुमारी किरण दीप (बी.ए. प्रथम सेमेस्टर) ने प्रथम, कुमारी भागवंती (बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर) ने द्वितीय तथा कुमारी रमनदीप (बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
क्रिएटिव प्रदर्शनी में नशा मुक्ति, डिजिटल इंडिया, वॉटर प्यूरीफिकेशन, ड्रिप इरीगेशन, ज्वालामुखी, पवन एवं सौर ऊर्जा जैसे विषयों पर आधारित मॉडलों ने विशेष आकर्षण प्रस्तुत किया।
NSS प्रभारी श्रीमती ललिता ने छात्राओं को प्रेरित किया तथा प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल ने छात्राओं की रचनात्मकता एवं आत्मविश्वास की सराहना की।
यह गतिविधि सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

**Outcome/Impact:**

- छात्राओं में रचनात्मकता एवं नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ।
- सामाजिक चेतना एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता बढ़ी।



**अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय में रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन**

श्री गुरुसर मोडिया (सच कहूँ न्यूज)। शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग, भाषण तथा क्रिएटिव प्रदर्शनी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता की थीम ह्नसांप्रदायिक सद्भावह्न रखी गई। इसमें बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की प्रज्ञा ने प्रथम, बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की प्रेरणा ने द्वितीय तथा बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की कोमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता महिला सशक्तिकरण विषय पर आयोजित की गई, जिसमें बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की किरण दीप ने प्रथम, बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की भागवंती ने द्वितीय तथा बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की रमनदीप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्रिएटिव प्रदर्शनी में नशा मुक्ति, डिजिटल इंडिया एंड यूथ, वॉटर प्यूरीफिकेशन, ड्रिप इरीगेशन, ज्वालामुखी, पवन ऊर्जा और सौर ऊर्जा जैसे विषयों पर तैयार मॉडलों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर मुख्य मंच से एनएसएस प्रभारी श्रीमती ललिता ने कहा कि युवा केवल भविष्य ही नहीं, बल्कि वर्तमान में बदलाव लाने की सबसे बड़ी ताकत हैं, इसलिए उन्हें अपनी ऊर्जा शिक्षा, रचनात्मकता और सेवा के लिए लगानी चाहिए। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस राष्ट्र की प्रगति में युवाओं के योगदान की याद दिलाता है। हमारी छात्राओं ने सिद्ध किया है कि वे न केवल अकादमिक क्षेत्र में, बल्कि समाज के अन्य क्षेत्रों में भी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने विजेताओं को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।



पंजाब केसरी
WED,13 AUGUST 2025
EDITION: SHRI GANGA NAGAR, PAGE NO. 3

**अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय में रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन**

श्रीगंगानगर, 12 अगस्त (असीजा) : शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग, भाषण तथा क्रिएटिव प्रदर्शनी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता की थीम सांप्रदायिक सद्भाव रखी गई। इसमें बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की प्रज्ञा ने प्रथम, बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की प्रेरणा ने द्वितीय तथा बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की कोमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

भाषण प्रतियोगिता महिला सशक्तिकरण विषय पर आयोजित की गई, जिसमें बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की किरण दीप ने प्रथम, बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की भागवंती ने द्वितीय तथा बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की रमनदीप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

क्रिएटिव प्रदर्शनी में नशा मुक्ति, डिजिटल इंडिया एंड यूथ, वॉटर प्यूरीफिकेशन, ड्रिप इरीगेशन, ज्वालामुखी, पवन ऊर्जा और सौर ऊर्जा जैसे विषयों पर तैयार मॉडलों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।

इस अवसर पर मुख्य मंच से एन.एस.एस. प्रभारी श्रीमती ललिता ने कहा कि युवा केवल भविष्य ही नहीं, बल्कि वर्तमान में बदलाव लाने की सबसे बड़ी ताकत हैं, इसलिए उन्हें अपनी ऊर्जा शिक्षा, रचनात्मकता और सेवा के लिए लगानी चाहिए।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस राष्ट्र की प्रगति में युवाओं के योगदान की याद दिलाता है।

हमारी छात्राओं ने सिद्ध किया है कि वे न केवल अकादमिक क्षेत्र में, बल्कि समाज के अन्य क्षेत्रों में भी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने विजेताओं को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान – 13 अगस्त 2025

# HAR GHAR TIRANGA CAMPAIGN

**भारत सरकार के 'हर घर तिरंगा' अभियान (2–15 अगस्त 2025) के अंतर्गत राष्ट्रीय एकता, नागरिक जिम्मेदारी एवं देशभक्ति को प्रोत्साहित करने हेतु यह गतिविधि आयोजित की गई।**

दिनांक 13 अगस्त 2025 को शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय, श्री गुरुसर मोडिया की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं।
इस आयोजन का उद्देश्य छात्राओं में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, देशभक्ति, एकता एवं जिम्मेदार नागरिकता की भावना विकसित करना था।
कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल के प्रेरणादायी संबोधन से हुआ। उन्होंने छात्राओं को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व से अवगत कराते हुए राष्ट्रप्रेम को जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया।
एनएसएस प्रभारी श्रीमती ललिता ने अभियान के उद्देश्य, 'तिरंगा सेल्फी' पहल एवं जनभागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला तथा छात्राओं को सक्रिय सहभागिता हेतु प्रेरित किया। उन्होंने सभी को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान एवं संरक्षण की शपथ भी दिलवाई।
इस अवसर पर छात्राओं एवं स्टाफ द्वारा तिरंगा फहराकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया तथा परिसर में देशभक्ति का वातावरण निर्मित हुआ।
यह गतिविधि राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई के तत्वावधान में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

**Outcome/Impact:**

- छात्राओं में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित हुई।
- राष्ट्रीय एकता एवं नागरिक सहभागिता के प्रति जागरूकता बढ़ी।

📷 कार्यक्रम की झलकियाँ






# नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम – 13 अगस्त 2025

## *Nasha Mukti Awareness Programme*

शाह सतनाम जी गर्ल्स कॉलेज, श्री गुरुसर मोडिया की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार "नशा मुक्त भारत अभियान" के अंतर्गत नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलाना एवं उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्या महोदया ने छात्राओं को संबोधित करते हुए नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला तथा समाज को नशामुक्त बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने नशा मुक्ति की शपथ ली। विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें नशे से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान एवं सामाजिक दुष्प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की गई। छात्राओं ने अपने विचारों एवं प्रस्तुतियों के माध्यम से नशा मुक्त जीवन के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नशे से दूर रहने एवं समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

**Outcome / Impact**

- नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता में वृद्धि हुई।
- स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा मिली।
- सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित हुई।






पंजाब केसरी FRI, 15 AUGUST 2025
EDITION: SHRI GANGA NAGAR, PAGE NO. 1

इस अवसर परअतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस उप अधीक्षक अन्नु बिश्नोई, थाना अधिकारी कृष्ण इसके पश्चात आयोजित पुलिस - पब्लिक पंचायत में उन्होंने ग्रमीणों को साइबर क्राइम से सतर्क रहने. नशा मुक्ति अभियान में सहयोग का संकल्प: पंचायत के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं

### नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

श्रीगंगानगर, 14 अगस्त (असीजा): शाह सतनाम जी गर्ल्स कॉलेज में नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं से नशा मुक्त समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर 82 छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने नशा मुक्ति शपथ ली तथा विचार गोष्ठी में नशे से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान और सामाजिक प्रभावों पर चर्चा की गई।

अंत में सभी प्रतिभागियों ने नशा मुक्त रहने एवं जागरूकता फैलाने की शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस संयोजक सुश्री ललिता ने किया।

छात्राएं एवं प्राध्यापक शपथ लेते हुए। (असीजा)

# वृक्षारोपण एवं सामाजिक सेवा गतिविधि – 14 अगस्त 2025

## Tree Plantation & Social Outreach Activity

दिनांक 14 अगस्त 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए ग्राम गुरुसर मोडिया के राजकीय विद्यालय एवं आंगनवाड़ी परिसर में वृक्षारोपण गतिविधि का आयोजन किया गया। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना तथा विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करना था।

गतिविधि के दौरान स्वयंसेविकाओं द्वारा कुल 40 पौधे (फलदार एवं छायादार) लगाए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय की लगभग 22 छात्राओं एवं 17 स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी प्रतिभागियों ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया, जिससे दीर्घकालीन पर्यावरण संतुलन सुनिश्चित किया जा सके।

इसके साथ ही सामाजिक सरोकार को ध्यान में रखते हुए आंगनवाड़ी एवं राजकीय विद्यालय के बच्चों के बीच फूड वितरण अभियान भी सफलतापूर्वक संचालित किया गया। इस पहल के माध्यम से सेवा भावना, सहानुभूति एवं सामाजिक जुड़ाव को प्रोत्साहित किया गया।

यह गतिविधि स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण भाग रही, जिसने छात्राओं में देशभक्ति के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं समाज सेवा के प्रति जागरूकता को और अधिक सुदृढ़ किया।

### Outcome / Impact

- पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता में वृद्धि
- छात्राओं में सेवा एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित
- सामुदायिक सहभागिता एवं सामाजिक संवेदनशीलता को बढ़ावा



FRI, 15 AUGUST 2025
EDITION: SHRI GANGA NAGAR, PAGE NO. 3

मौजूद रहे । सभी ने भारत को पुन: अखण्ड बनाने हेतु संकल्प लिया। हमारी एकता, अखंडता और स्वतंत्रता का प्रतीक है। हमें इसके सम्मान और में देशभक्ति की भावना को और प्रगाढ़ करते हैं।" सभी प्रतिभागियों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन किया।

**एक वृक्षारोपण अभियान के तहत 40 पौधे लगाए गए**

श्रीगंगानगर, 14 अगस्त (असीजा): डेरा सच्चा सौदा के गुरु डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां के अवतार दिवस के उपलक्ष्य में शाह सतनाम जी गर्ल्स कॉलेज, श्री गुरुसर मोडिया द्वारा पूजनीय बापू सरदार मगर सिंह जी उच्च माध्यमिक राजकीय विद्यालय एवं आंगनवाड़ी केंद्र में एक वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के तहत 40 पौधे लगाए गए, जिसमें कॉलेज की 22 छात्राओं एवं 17 स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पौधों में छायादार, फलदार एवं सजावटी प्रजातियों का चयन किया गया, ताकि आने वाले वर्षों में ये क्षेत्र को हरियाली और पर्यावरणीय संतुलन प्रदान कर सकें।

इस अवसर पर उपस्थित सभी ने संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल की जाएगी, जिससे वे हरे-भरे पेड़ों में विकसित होकर आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व शुद्ध वातावरण उपलब्ध करा सकें। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हरियाली को बढ़ावा देना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और पूजनीय गुरु जी के संदेश "पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ" को जन-जन तक पहुँचाना था।

पौधारोपण किया जाता। (असीजा)

राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) ने अपनी 5 सत्री



# स्वतंत्रता दिवस समारोह – 15 अगस्त 2025

# Independence Day Celebration

शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय, श्री गुरुसर मोड़िया में 79वां स्वतंत्रता दिवस अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा एवं राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। यह आयोजन संस्थान के समग्र विकास, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्रीय मूल्यों के संवर्धन के उद्देश्य से किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। इसके पश्चात छात्राओं एवं स्टाफ द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई तथा देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, भाषण एवं कविता प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया, जिससे छात्राओं में राष्ट्रप्रेम, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ।

इस अवसर पर विस्तार गतिविधियों के अंतर्गत सामाजिक सेवा कार्य किए गए, जिनमें आंगनवाड़ी केंद्र एवं विद्यालय में खाद्य सामग्री वितरण शामिल रहा। साथ ही वृक्षारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास (Sustainable Development) का संदेश दिया गया।

यह आयोजन NAAC के Criterion III (Extension Activities) एवं Criterion VII (Institutional Values & Best Practices) के अंतर्गत महत्वपूर्ण योगदान देता है।

प्राचार्या महोदया ने अपने संबोधन में छात्राओं को अनुशासन, सेवा भाव एवं राष्ट्रीय मूल्यों को अपनाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में सभी छात्राओं एवं स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही।

Outcome / Impact

• राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्रीय चेतना का विकास

• सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सामुदायिक सहभागिता में वृद्धि

• पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता

• छात्राओं में नेतृत्व, टीमवर्क एवं आत्मविश्वास का विकास

NAAC Mapping

• Criterion III – Extension Activities
• Criterion VII – Institutional Values & Best Practices
• SDG Linkage – SDG 4 (Quality Education), SDG 13 (Climate Action), SDG 15 (Life on Land)

# Photographic Evidence of Independence Day & Extension Activities


















# मैराथन एवं नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम – 21 अगस्त 2025

## Marathon & Anti-Drug Awareness Programme

जिला कलेक्टर, श्रीगंगानगर के निर्देशों के अनुपालन में महाविद्यालय द्वारा "नशा मुक्त भारत अभियान" के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल के प्रेरणादायी संबोधन से हुआ। इस अवसर पर कुल 82 छात्राओं एवं स्टाफ ने नशा मुक्ति की शपथ ली।
विचार गोष्ठी में नशे के दुष्प्रभावों पर चर्चा की गई तथा छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए।
विशेष गतिविधियों के अंतर्गत मैराथन, रैली, वॉकथॉन एवं समूह गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनके माध्यम से समाज में जागरूकता का संदेश दिया गया।
कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

Outcome / Impact

- नशे के प्रति जागरूकता में वृद्धि
- स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा
- सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित



पंजाब केसरी FRI,15 AUGUST 2025
EDITION: SHRI GANGA NAGAR, PAGE NO. 1

इस अवसर परअतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस उप अधीक्षक अन्नु बिश्नोई, थाना अधिकारी कृष्ण

इसके पश्चात आयोजित पुलिस - पब्लिक पंचायत में उन्होंने ग्रमीणों को साइबर क्राइम से सतर्क रहने.

नशा मुक्ति अभियान में सहयोग का संकल्प: पंचायत के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं

### नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

श्रीगंगानगर, 14 अगस्त (असीजा): शाह सतनाम जी गर्ल्स कॉलेज में नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं से नशा मुक्त समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर 82 छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने नशा मुक्ति शपथ ली तथा विचार गोष्ठी में नशे से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान और सामाजिक प्रभावों पर चर्चा की गई।

अंत में सभी प्रतिभागियों ने नशा मुक्त रहने एवं जागरूकता फैलाने की शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस संयोजक सुश्री ललिता ने किया।

छात्राएं एवं प्राध्यापक शपथ लेते हुए। (असीजा)









# हिन्दी दिवस समारोह – 14 सितम्बर 2025

## *Hindi Diwas Celebration*

दिनांक 14 सितम्बर 2025 को महाविद्यालय में हिन्दी दिवस का आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामयी वातावरण में किया गया।
इस अवसर पर छात्राओं में हिन्दी भाषा के प्रति प्रेम, सम्मान एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत कविता पाठ, भाषण, प्रश्नोत्तरी तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए हिन्दी भाषा के प्रति अपनी प्रतिभा एवं सृजनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।
प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल ने अपने संबोधन में हिन्दी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को इसके संवर्धन हेतु प्रेरित किया।
यह आयोजन हिन्दी भाषा के प्रति जागरूकता एवं सम्मान की भावना को सुदृढ़ करने में सफल रहा।

### Outcome / Impact

- हिन्दी भाषा के प्रति जागरूकता में वृद्धि
- रचनात्मक एवं साहित्यिक अभिव्यक्ति का विकास
- सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सम्मान विकसित











# एनएसएस अभिविन्यास कार्यक्रम – 20 सितम्बर 2025

## *NSS Orientation Programme*

शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय, श्री गुरुसर मोडिया में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के अंतर्गत नवप्रवेशित छात्राओं हेतु एनएसएस अभिविन्यास कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को एनएसएस की अवधारणा, उद्देश्यों तथा समाज सेवा में उनकी भूमिका से परिचित कराना था।

कार्यक्रम के दौरान एनएसएस प्रभारी श्रीमती ललिता ने एनएसएस की गतिविधियों एवं "माय भारत पोर्टल" पर पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी दी। छात्राओं को क्विज़ एवं राष्ट्रीय स्तर की गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत नशा मुक्ति शपथ एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल एवं IQAC समन्वयक श्रीमती गगनदीप कौर ने छात्राओं को संबोधित किया।

Outcome / Impact:
- जागरूकता में वृद्धि
- नेतृत्व क्षमता का विकास
- सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित












# सड़क दुर्घटना पीड़ितों हेतु प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण एवं जागरूकता रैली – 27 सितम्बर 2025

## *First Aid Training & Awareness Rally for Road Accident Victims*

शाह सतनाम जी गर्ल्स कॉलेज, श्री गुरुसर मोडिया में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा सड़क दुर्घटना पीड़ितों को प्राथमिक उपचार प्रदान करने हेतु विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं सही प्राथमिक उपचार की जानकारी प्रदान करना था।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान छात्राओं को CPR, रक्तस्राव रोकने की तकनीक, हड्डी टूटने की स्थिति में प्राथमिक उपचार, घायल व्यक्ति को सुरक्षित स्थानांतरित करने की विधि तथा एम्बुलेंस बुलाने के सही समय की जानकारी दी गई।

इसी दिन छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु रैली का भी आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से समाज को जागरूक करने का संदेश दिया गया।











MON,29 SEPTEMBER 2025
EDITION: SHRI GANGA NAGAR, PAGE NO. 3

**शाह सतनाम कॉलेज में सड़क दुर्घटना पीड़ितों को प्राथमिक उपचार देने का प्रशिक्षण**

श्रीगंगानगर, 28 सितम्बर (असीजा) : गुरुसर मोडिया के शाह सतनाम जी गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा सड़क दुर्घटना पीड़ितों को प्राथमिक उपचार देने संबंधी विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर शाह सतनाम जी सार्वजनक हॉस्पिटल, श्री गुरुसर मोडिया के डॉ. सुभाष चंद्र गढ़वाल (एमबीबीएस) ने छात्राओं को सड़क दुर्घटना की स्थिति में उठाए जाने वाले त्वरित कदमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने व्यावहारिक उदाहरणों द्वारा कृत्रिम श्वसन, रक्तस्राव रोकने की तकनीक, हड्डी टूटने पर पट्टी बांधने की विधि तथा घायल को सुरक्षित रूप से अस्पताल तक पहुंचाने के तरीके सिखाए। प्रशिक्षण में हॉस्पिटल का नर्सिंग स्टाफ भी सहयोगी रहा।

प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया जाता। (असीजा)

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल ने कहा कि दुर्घटना के बाद त्वरित उपचार और जागरूकता कई बार जीवन बचाने में सहायक होती है।

ऐसे प्रशिक्षण से छात्राओं में आत्मविश्वास और सेवा भाव दोनों का विकास होता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अध्यापकगण और शाह सतनाम जी सार्वजनक हॉस्पिटल का नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहा।

# स्वच्छता पखवाड़ा एवं अहिंसा दिवस – 01 अक्टूबर 2025

## *Swachhta Pakhwada & Non-Violence Day*

महात्मा गांधी जी के जन्मदिवस के अवसर पर शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय, श्री गुरुसर मोडिया में स्वच्छता पखवाड़ा एवं अहिंसा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को महात्मा गांधी जी के सत्य, अहिंसा एवं स्वच्छता संबंधी विचारों से अवगत कराना तथा समाज में स्वच्छता के महत्व को उजागर करना था।

इस अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत छात्राओं ने उत्साहपूर्वक परिसर की साफ-सफाई की तथा स्वच्छ भारत अभियान का संदेश समाज तक पहुँचाया।
कार्यक्रम के दौरान एनएसएस प्रभारी द्वारा छात्राओं को महात्मा गांधी जी के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक घटनाओं एवं विचारों से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि गांधी जी के लिए स्वच्छता केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक एवं सामाजिक जीवन का भी महत्वपूर्ण अंग थी।
कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल ने अपने उद्बोधन में कहा कि महात्मा गांधी जी ने सत्य और अहिंसा को अपने जीवन का आधार बनाया। उनके विचार आज भी हमारे जीवन में उतने ही प्रासंगिक हैं जितने स्वतंत्रता आंदोलन के समय थे। उन्होंने छात्राओं को स्वच्छता एवं अहिंसा को अपने जीवन में अपनाकर समाज के प्रति सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर छात्राओं ने स्वच्छता एवं अहिंसा की शपथ ली तथा गांधी जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।





FRI,03 OCTOBER 2025
EDITION: SHRI GANGA NAGAR, PAGE NO. 1

पुरस्कार भी दिए गए।

की व्यवस्था की गई थी।

### गांधी जयंती पर महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा और अहिंसा दिवस

कॉलेज छात्राओं द्वारा स्वच्छता चलाया जाता। (असीजा)

श्रीगंगानगर, 2 अक्तूबर (असीजा): महात्मा गांधी जी के जन्म दिवस के अवसर पर गुरुसर मोडिया में शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा एवं अहिंसा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को गांधी जी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के विचारों से प्रेरित करना और समाज में स्वच्छता का संदेश देना था।

एन.एस.एस. इकाई ने परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया, जिसमें छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की।

एन.एस.एस. प्रभारी ने गांधी जी के जीवन और उनके सिद्धांतों की प्रेरणादायक कथाएं साझा कीं। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नवजोत कौर गिल ने कहा महात्मा गांधी जी ने सत्य और अहिंसा को जीवन का आधार बनाया। छात्राओं ने स्वच्छता शपथ ली और गांधी जी के सिद्धांतों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

आपत्ति सूचना






# गौ सेवा (सामाजिक सेवा गतिविधि) – 04 अक्टूबर 2025

## *Social Service Activity - Cow Feeding*

शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय, श्री गुरुसर मोडिया की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा दिनांक 04 अक्टूबर 2025 को एक सामाजिक सेवा गतिविधि के अंतर्गत छात्राओं को सुरांवाली गांव की गौशाला में ले जाकर हरा चारा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में पशु कल्याण, करुणा, संवेदनशीलता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना था। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने गौशाला में उपस्थित गायों को हरा चारा वितरित किया तथा पशुओं के संरक्षण एवं सेवा के महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पशु सेवा के माध्यम से समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को समझा। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी एवं महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का परिणाम (Outcome):

- छात्राओं में पशु कल्याण एवं सेवा भावना का विकास हुआ।
- सामाजिक जिम्मेदारी एवं करुणा की भावना को बल मिला।
- एनएसएस के उद्देश्यों के अनुरूप समाजोपयोगी कार्य संपन्न हुआ।
- छात्राओं में पर्यावरण एवं जीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी।
- यह सामाजिक गतिविधि पूर्ण अनुशासन, उत्साह एवं समर्पण के साथ संपन्न हुई।







# माय भारत पोर्टल" एवं "यंग लीडर्स डायलॉग क्विज" विषय पर एक दिवसीय शिविर – 6 अक्टूबर 2025

## *One Day Camp on "My Bharat Portal" & "Young Leaders Dialogue Quiz"*

शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय, श्री गुरुसर मोडिया की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई द्वारा दिनांक 6 अक्टूबर 2025 को "माय भारत पोर्टल" एवं "यंग लीडर्स डायलॉग क्विज" विषय पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को "माय भारत पोर्टल" पर पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी देना तथा उन्हें "यंग लीडर्स डायलॉग क्विज प्रतियोगिता" में भाग लेने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता असिस्टेंट प्रोफेसर मिस काजल ने छात्राओं को "माय भारत पोर्टल" की पंजीकरण प्रक्रिया, इसके लाभ एवं महत्व के बारे में जानकारी दी। एन.एस.एस. प्रभारी श्रीमती ललिता ने छात्राओं को "यंग लीडर्स डायलॉग क्विज प्रतियोगिता" में भाग लेने की प्रक्रिया समझाई।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नवजोत कौर गिल ने छात्राओं को डिजिटल भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया।

### कार्यक्रम का परिणाम / प्रभाव (Outcome):

• छात्राओं में डिजिटल सशक्तिकरण की भावना विकसित हुई।

• नेतृत्व क्षमता एवं आत्मविश्वास में वृद्धि हुई।

• प्रतियोगिता में भाग लेने के प्रति रुचि बढ़ी।

• सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना मजबूत हुई।






पंजाब केसरी
TUE,07 OCTOBER 2025
EDITION: SHRI GANGA NAGAR, PAGE NO. 3

**माय भारत पोर्टल एवं यंग लीडर्स क्विज शिविर का आयोजन**

श्रीगंगानगर, 6 अक्तूबर (असीजा): गुरुसर मोडिया के शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा माय भारत पोर्टल एवं यंग लीडर्स डायलॉग क्विज पर एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता असिस्टेंट प्रोफेसर मिस काजल ने पोर्टल की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया एवं इसके लाभों की जानकारी दी, जबकि एनएसएस प्रभारी श्रीमती ललिता ने छात्राओं को क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रेरित किया।

प्राचार्य डॉ. नवजोत कौर गिल ने छात्राओं से डिजिटल भारत निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

श्रीगंगानगर : छात्रों को रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की जानकारी दी जाती। (असीजा)

# राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह – 31 अक्टूबर 2025

## *National Unity Day Celebration*

शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय, श्री गुरुसर मोडिया में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई के तत्वावधान में 31 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय एकता दिवस बड़े उत्साह एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय एकता शपथ के साथ हुआ, जिसमें प्राचार्य डॉ. नवजोत कौर गिल, एनएसएस प्रभारी श्रीमती ललिता, स्टाफ सदस्य एवं छात्राओं ने भाग लिया।

इसके पश्चात 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

कार्यक्रम के अंत में सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन एवं योगदान पर आधारित प्रेरणादायक वीडियो प्रस्तुति दिखाई गई।

- कार्यक्रम का परिणाम (Outcome):
- • छात्राओं में राष्ट्रीय एकता एवं देशभक्ति की भावना विकसित हुई।
- एकता एवं अखंडता के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ी।
- विद्यार्थियों में नेतृत्व एवं जिम्मेदारी की भावना मजबूत हुई।



**राष्ट्रीय एकता दिवस पर एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश**

**गोलूवाला।** शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय श्री गुरुसर मोडिया में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय एकता शपथ के साथ हुआ। प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल, एनएसएस प्रभारी ललिता, समस्त प्राध्यापकगण तथा छात्राओं ने भाग लिया। राष्ट्रीय एकता दौड़ (रन फार यूनिटी)में कॉलेज प्राध्यापकों एवं छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन एवं योगदान पर आधारित प्रेरणादायक वीडियो क्लिप प्रदर्शित की गई। प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल ने कहा कि सरदार पटेल जी का जीवन देश की एकता, निष्ठा और सेवा का आदर्श उदाहरण है।



2025
GA NAGAR, PAGE NO. 2

कि ये अधिकारियों के कार्यालय, घरों और मिल रहा है।

**दिवस पर देशभक्ति से गूंजा शाह सतनाम जी गर्ल्**

*कालेज गर्ल्स राष्ट्रीय एकता की शपथ लेती हुई ।*

स्वर में देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ ली।

इसके बाद महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लेकर देशभक्ति का अद्भुत उत्साह प्रदर्शित किया। एक भारत श्रेष्ठ भारत और वंदे मातरम् के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा।

कार्यक्रम के दौरान सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन और योगदान पर आधारित एक प्रेरणादायक वीडियो प्रस्तुति भी दिखाई गई, जिसे छात्राओं ने गहरी रुचि से देखा। वीडियो के माध्यम से छात्राओं ने लौह पुरुष के साहस, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में



सच कहूँ
epaper.sachkahoon.com
01 Nov 2025 - Page 8

**राष्ट्रीय एकता दिवस पर 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का संदेश**

- **शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय, श्री गुरुसर मोडिया में हुआ कार्यक्रम**

**गोलूवाला (सच कहूँ/सुरेन्द्र गुम्बर)।** शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय श्री गुरुसर मोडिया में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। यह दिवस भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय एकता शपथ के साथ हुआ। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल, एनएसएस प्रभारी श्रीमती ललिता, समस्त प्राध्यापकगण तथा छात्राओं ने भाग लिया। सभी ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने का संकल्प लिया। इसके उपरांत 'राष्ट्रीय एकता दौड़ (रन फार यूनिटी)' का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज प्राध्यापकों एवं छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' और 'वंदे मातरम' के नारों से पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत सरदार वल्लभभाई पटेल जी के जीवन एवं योगदान पर आधारित प्रेरणादायक वीडियो क्लिप प्रदर्शित की गई, जिसे छात्राओं ने अत्यंत रुचि के साथ देखा। वीडियो के माध्यम से छात्राओं ने लौह पुरुष के अदम्य साहस, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण में उनके महान योगदान को जाना। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'सरदार पटेल जी का जीवन देश की एकता, निष्ठा और सेवा का आदर्श उदाहरण है। हमें उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।' एनएसएस प्रभारी श्रीमती ललिता ने स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रहित में एकजुट होकर कार्य करने और समाज में एकता एवं सद्भाव का संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं देशभक्ति की भावना को सशक्त बनाना था जोकि पूर्ण रूप से सफल रहा।

# पोषण जागरूकता एवं फल वितरण कार्यक्रम (सामाजिक सेवा गतिविधि)

## Nutrition Awareness & Fruit Distribution Programme (Social Service Activity)

(Under NSS, aligned with "Poshan Abhiyaan" & "National Health Mission")
इसी क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा एक सामाजिक सेवा गतिविधि के रूप में श्री गुरुसर मोडिया स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में सेवा भावना, करुणा, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना था।

छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आंगनवाड़ी के बच्चों एवं लाभार्थियों को फल वितरित किए तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण के महत्व के प्रति जागरूकता भी प्रदान की। इस सेवा कार्य के माध्यम से छात्राओं ने समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझा और सेवा भाव को व्यवहार में उतारने का प्रयास किया।

कार्यक्रम का परिणाम / प्रभाव:
- छात्राओं में सेवा भावना एवं मानवीय मूल्यों का विकास हुआ।
- समाज के प्रति जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता में वृद्धि हुई।
- पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का प्रसार हुआ।
- NSS के उद्देश्यों के अनुरूप समाजोपयोगी कार्य संपन्न हुआ।

कार्यक्रम पूर्ण अनुशासन, उत्साह एवं समर्पण के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।






# विश्व एड्स दिवस पर जन-जागरूकता अभियान (01 दिसंबर 2025)

## *World AIDS Day - Public Awareness Initiative*

शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय, श्री गुरुसर मोडिया में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य एचआईवी/एड्स के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना, भेदभाव को समाप्त करने का संदेश देना तथा सुरक्षित व स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं द्वारा रेड रिबन अभियान के तहत रिबन धारण कर एवं कैंडल लाइटिंग के साथ की गई। छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में मोमबत्तियाँ जलाकर एचआईवी/एड्स से प्रभावित लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी तथा सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश दिया।

इसके पश्चात एचआईवी/एड्स विषय पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें तीन राउंड के दौरान छात्राओं से बीमारी के कारण, संक्रमण के माध्यम, रोकथाम के उपाय तथा सरकार द्वारा उपलब्ध निःशुल्क उपचार एवं परामर्श सेवाओं से संबंधित प्रश्न पूछे गए। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सराहनीय प्रदर्शन किया और इस विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम के समापन पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता, संवेदनशीलता और भेदभाव-मुक्त समाज का निर्माण समय की आवश्यकता है। उन्होंने छात्राओं को आगे भी ऐसे सामाजिक मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।









TUE, 02 DECEMBER 2025
EDITION: SHRI GANGA NAGAR, PAGE NO. 3

### विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

श्रीगंगानगर, 1 दिसंबर (अमीजा) : विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय, श्री गुरुसर मोडिया में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं सहित समाज में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना, भेदभाव को खत्म करना और सुरक्षित जीवनशैली अपनाने को प्रोत्साहित करना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत रेड रिबन अभियान से हुई, जिसके तहत छात्राओं और स्टाफ सदस्यों ने रेड रिबन धारण किया। इसके बाद परिसर में कैंडल लाइटिंग आयोजित की गई, जिसमें सभी ने एचआईवी/एड्स से प्रभावित लोगों को श्रद्धांजलि दी और सामाजिक संवेदनशीलता का संदेश दिया। इसके पश्चात महाविद्यालय में एच.आई.वी./एड्स पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तीन राउंड में छात्राओं से संक्रमण के कारण, संचरण के तरीके, रोकथाम के उपाय तथा सरकार द्वारा उपलब्ध मुफ्त उपचार और परामर्श सेवाओं से जुड़े प्रश्न पूछे गए। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट ज्ञान का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता आज की आवश्यकता है। उन्होंने छात्राओं को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और ऐसे अभियानों में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

जागरूकता कार्यक्रम में विचार रखती छात्राएं।

# विश्व मानवाधिकार दिवस: 10 दिसम्बर 2025

## World Human Rights Day

शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय, श्री गुरुसर मोड़िया में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई तथा एससी/एसटी एवं ओबीसी समिति के संयुक्त तत्वाधान में विश्व मानवाधिकार दिवस बड़े उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विश्व मानवाधिकार विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी से हुई, जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल द्वारा की गई। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी श्रीमती ललिता ने मानवाधिकार दिवस के महत्व, उद्देश्यों तथा इसकी कार्य-प्रणाली पर विस्तृत प्रकाश डाला।

इसके साथ ही एससी/एसटी एवं ओबीसी समिति की प्रभारी मिस काजल चलाना (असिस्टेंट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान) ने मानवाधिकारों की आवश्यकता, समानता, न्याय, मानव गरिमा एवं संवैधानिक अधिकारों से जुड़े महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए।

इसके पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्राओं द्वारा मानवाधिकार जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान छात्राओं ने आकर्षक एवं प्रभावशाली नारे जैसे—
"मानवता की रक्षा, मानवाधिकार से ही संभव।"
"अधिकारों का संरक्षण—मानवता का उत्थान।"
"मानवाधिकार—बदलाव की पहली सीढ़ी।"

इस अवसर पर महाविद्यालय में निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

निबंध प्रतियोगिता के परिणाम:
प्रथम स्थान – कुमारी पवनदीप (बी.कॉम प्रथम सेमेस्टर)
द्वितीय स्थान – कुमारी मोनिका (बी.ए. प्रथम सेमेस्टर)
तृतीय स्थान – कुमारी लवप्रीत (बी.ए. पंचम सेमेस्टर)

पोस्टर प्रतियोगिता के परिणाम:
प्रथम स्थान – कुमारी रमन (बी.ए. तृतीय सेमेस्टर)
द्वितीय स्थान – कुमारी प्रेरणा (बी.ए. तृतीय सेमेस्टर)
तृतीय स्थान – कुमारी भागवंती (बी.ए. पंचम सेमेस्टर)

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह अपने अधिकारों के साथ-साथ दूसरों के अधिकारों का भी सम्मान करे। उन्होंने छात्राओं को मानवता, समानता, न्याय एवं संवेदनशीलता को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

अंत में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ तथा सभी ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### Outcome / Impact

- छात्राओं में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता एवं समझ में वृद्धि हुई
- समानता, न्याय एवं मानव गरिमा के मूल्यों के प्रति संवेदनशीलता विकसित हुई
- सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सक्रिय नागरिकता की भावना को प्रोत्साहन मिला

- छात्राओं में अभिव्यक्ति कौशल, नेतृत्व क्षमता एवं सहभागिता में वृद्धि हुई
- समाज में मानवाधिकार संरक्षण के प्रति सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ





THU, 11 DECEMBER 2025
EDITION: SHRI GANGA NAGAR, PAGE NO. 2
.punjabkesari.in
राजस्थान

## विश्व मानवाधिकार दिवस: शाह सतनाम जी गर्ल्स कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम, रैली और प्रतियोगिताएं आयोजित

श्रीगंगानगर, 10 दिसम्बर (अमीज): शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय, श्री गुरुसर मोडिया में बुधवार को विश्व मानवाधिकार दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की एनएसएस इकाई तथा एससी/एसटी एवं ओबीसी समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नवजोत कौर गिल ने की। शुरुआत मानवाधिकार विषय पर विचार गोष्ठी से हुई, जिसमें एनएसएस प्रभारी श्रीमती ललिता ने मानवाधिकार दिवस के महत्व, उद्देश्य और अधिकारों की सुरक्षा के लिए वैश्विक प्रयासों की जानकारी दी। वहीं एससी/एसटी एवं ओबीसी समिति प्रभारी असिस्टेंट प्रोफेसर मिस काजल चलाना ने संविधान प्रदत्त मूल अधिकारों, मानव गरिमा, समानता और न्याय पर विस्तृत विचार व्यक्त किए।

छात्राओं द्वारा बनाए गए पोस्टर। (अमीज)

### जागरूकता रैली आकर्षण का केंद्र

एनएसएस इकाई की छात्राओं ने परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली। "मानवता की रक्षा मानवाधिकार से ही संभव", "अधिकारों का संरक्षण-मानवता का उत्थान", जैसे नारे लगाते हुए छात्राओं ने मानवाधिकार के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया।

### प्रतियोगिताओं में छात्राएं रहीं अव्वल

मानवाधिकार विषय पर निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें निबंध प्रतियोगिता में यह परिणाम रहा है।

- प्रथम: कुमारी पवनदीप (बी.कॉम प्रथम सैमेस्टर)
- द्वितीय: कुमारी मोनिका (बी.ए. प्रथम सैमेस्टर)
- तृतीय: कुमारी लवप्रीत (बी.ए. पंचम सैमेस्टर)

**पोस्टर प्रतियोगिता**

- प्रथम: कुमारी रमन (बी.ए. तृतीय सैमेस्टर)
- द्वितीय: कुमारी प्रेरणा (बी.ए. तृतीय सैमेस्टर)
- तृतीय: कुमारी भागवंती (बी.ए. पंचम सैमेस्टर)

### छात्राओं को दिए प्रेरक संदेश

समापन पर प्राचार्य डॉ. गिल ने कहा "प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह अपने अधिकारों के साथ दूसरों के अधिकारों का सम्मान और संरक्षण भी करे।

मानवता, समानता और न्याय की भावना ही स्वस्थ समाज की नींव है।" कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्य एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।





## शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय, श्रीगुरुसर मोडिया में मनाया विश्व मानवाधिकार दिवस

- निबंध लेखन में पवनदीप, पोस्टर मेकिंग में रमन प्रथम व प्रेरणा रही द्वितीय

गोलूवाला (सच कहूँ/सुरेन्द्र गुम्बर)। शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय, श्रीगुरुसर मोडिया में महाविद्यालय की एनएसएस इकाई तथा एससी/एसटी एवं ओबीसी समिति के संयुक्त तत्वावधान में विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मानवाधिकार विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी से हुई, जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नवजोत कौर गिल ने की। विचार गोष्ठी में एनएसएस प्रभारी ललिता ने मानवाधिकार दिवस के महत्व, उद्देश्य तथा मानवाधिकारों की कार्यप्रणाली पर विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही [illegible] प्रभारी मिस काजल चलाना (असिस्टेंट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान) ने मानवाधिकारों की आवश्यकता, समानता, न्याय, मानव गरिमा एवं संवैधानिक अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय की एनएसएस इकाई की छात्राओं द्वारा मानवाधिकार [illegible] मानवाधिकार से ही संभव', 'अधिकारों का संरक्षण–मानवता का उत्थान' एवं 'मानवाधिकार–बदलाव की पहली सीढ़ी' जैसे प्रभावशाली नारे लगाकर रैली को आकर्षक और उद्देश्यपूर्ण बनाया। इस अवसर पर निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। निबंध प्रतियोगिता में बी.कॉम [illegible]

गोलूवाला। विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली निकालती कॉलेज की छात्राएं।

कुमारी मोनिका ने द्वितीय स्थान और बी.ए. पंचम सेमेस्टर की कुमारी लवप्रीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की कुमारी रमन प्रथम, बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की ही कुमारी प्रेरणा द्वितीय तथा बी.ए. पंचम सेमेस्टर की कुमारी [illegible] स्थान पर रहीं। कार्यक्रम के [illegible] प्राचार्य डॉ. नवजोत कौर [illegible] छात्राओं को संबोधित करते हुए [illegible] कि हर नागरिक का कर्तव्य है कि [illegible] अपने अधिकारों के साथ-साथ दूसरों के अधिकारों का भी सम्मान करे।

उन्होंने छात्राओं को [illegible] समानता, न्याय और संवैधानिक मूल्यों को जीवन में अपनाने के प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित [illegible]

# उपभोक्ता जागरूकता दिवस: 24 दिसम्बर 2025

## Consumer Awareness Day

विषय: "जागरूक उपभोक्ता" थीम पर मॉडल प्रतियोगिता एवं व्याख्यान

शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय, श्री गुरुसर मोडिया की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई एवं महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूकता हेतु एक प्रभावशाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम "जागरूक उपभोक्ता" रखी गई, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं को उपभोक्ता अधिकारों, कर्तव्यों एवं उपभोक्ता संरक्षण कानूनों की जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम के अंतर्गत उपभोक्ता जागरूकता विषय पर मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में छात्राओं द्वारा उपभोक्ता अधिकार, उपभोक्ता की जिम्मेदारियाँ, उपभोक्ता न्यायालय, डिजिटल उपभोक्ता सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव, बिल एवं गारंटी का महत्व जैसे विषयों पर आकर्षक, रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए गए।

इस अवसर पर श्री नरेश गाबा, एडवोकेट (श्रीगंगानगर) को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। उनके साथ उनके सहायक श्री घनश्याम भी उपस्थित रहे। प्राचार्या द्वारा दोनों अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। अपने व्याख्यान में एडवोकेट नरेश गाबा ने कहा कि "जागरूक उपभोक्ता ही अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है।" उन्होंने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, उपभोक्ता के अधिकारों एवं कर्तव्यों तथा उपभोक्ता न्यायालय की प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने ऑनलाइन खरीदारी के दौरान सावधानियों पर भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या ने छात्राओं को जागरूक उपभोक्ता बनने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम का परिणाम:
- छात्राओं में उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ी।
- डिजिटल सुरक्षा के प्रति समझ विकसित हुई।
- सामाजिक चेतना एवं प्रस्तुतीकरण कौशल में वृद्धि हुई।












जागरूक उपभोक्ता पर शाह सतनाम जी गर्ल्स कॉलेज में हुई स्पीच व मॉडल प्रतियोगिता

# राष्ट्रीय युवा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित विशेष व्याख्यान कार्यक्रम: 19 जनवरी 2026

## *Special Lecture Programme under National Youth Week*

राष्ट्रीय युवा सप्ताह के अंतर्गत महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी को समर्पित एक विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विषय "स्वामी विवेकानंद का जीवन एवं युवाओं के लिए उनकी प्रेरणा" रहा।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित करना तथा उनके जीवन मूल्यों को अपनाने के लिए जागरूक करना था। इस अवसर पर एनएसएस सदस्य श्रीमती गगनदीप द्वारा प्रभावशाली व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन, उनके संघर्ष, उनके आदर्शों एवं युवाओं के लिए दिए गए प्रेरणादायक संदेशों पर विस्तृत प्रकाश डाला।

व्याख्यान के दौरान छात्राओं को आत्मविश्वास, अनुशासन, सकारात्मक सोच एवं राष्ट्र सेवा के प्रति प्रेरित किया गया। वक्ता ने बताया कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज के युवाओं के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं और उनके मार्गदर्शन से युवा अपने जीवन को सफल बना सकते हैं।

कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा व्याख्यान से प्रेरणा प्राप्त की। यह कार्यक्रम छात्राओं के व्यक्तित्व विकास एवं नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध हुआ। यह व्याख्यान कार्यक्रम छात्राओं में सकारात्मक सोच एवं जीवन के प्रति नई दिशा प्रदान करने में अत्यंत उपयोगी रहा।

### कार्यक्रम का परिणाम / Outcome:

- छात्राओं में आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच का विकास हुआ।
- स्वामी विवेकानंद के आदर्शों एवं जीवन मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ी।
- अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्र सेवा की भावना सुदृढ़ हुई।
- छात्राओं के व्यक्तित्व विकास एवं नैतिक मूल्यों में वृद्धि हुई।
- युवाओं को जीवन में लक्ष्य निर्धारण एवं सफलता की दिशा प्राप्त हुई।






# मतदान दिवस के उपलक्ष में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम: 23 जनवरी 2026

## *Voter Awareness Programme on National Voters' Day*

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई के तत्वावधान में मतदान दिवस के उपलक्ष में दिनांक 23/01/2026 को महाविद्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता व्याख्यान एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में लोकतांत्रिक चेतना जागृत करना तथा उन्हें अपने मताधिकार के महत्व से अवगत कराना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस प्रभारी श्रीमती ललिता द्वारा मतदाता जागरूकता विषय पर दिए गए व्याख्यान से हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने मतदान के संवैधानिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मतदान लोकतंत्र की आत्मा है। उन्होंने छात्राओं को बताया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य बनता है कि वह बिना किसी भय, प्रलोभन या भेदभाव के अपने मताधिकार का प्रयोग करे।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। साथ ही, उन्होंने फर्जी खबरों से बचने, योग्य एवं ईमानदार प्रतिनिधियों के चयन तथा अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

इसके पश्चात एनएसएस की स्वयंसेविकाओं को मतदान के संबंध में शपथ दिलवाई गई, जिसमें उन्होंने निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान करने तथा समाज में मतदाता जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।
कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल ने मतदान दिवस के अवसर पर छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र तभी मजबूत होता है जब उसका प्रत्येक नागरिक जागरूक होकर मतदान करता है तथा युवा शक्ति देश के भविष्य की दिशा निर्धारित करती है।




कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता के संकल्प के साथ हुआ। संपूर्ण कार्यक्रम अत्यंत प्रेरणादायक एवं सफल रहा।

### कार्यक्रम का परिणाम / Outcome:

• छात्राओं में लोकतांत्रिक मूल्यों एवं नागरिक जिम्मेदारी की भावना विकसित हुई।
• मतदान के महत्व एवं संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ी।
• निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हुआ।
• समाज में मतदाता जागरूकता फैलाने हेतु प्रेरणा प्राप्त हुई।
• जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में दृष्टिकोण सुदृढ़ हुआ।




### कार्यक्रम के छायाचित्र:

# 77वां गणतंत्र दिवस समारोह: 26 जनवरी 2026

## *77th Republic Day Celebration*

श्री गुरुसर मोड़िया।
शाह सतनाम जी गर्ल्स कॉलेज, श्री गुरुसर मोड़िया में दिनांक 26 जनवरी 2026 को 77वां गणतंत्र दिवस गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः ध्वजारोहण समारोह से हुआ, जिसमें कॉलेज की प्राचार्या डॉ. नवजोत गिल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उपस्थित समस्त स्टाफ सदस्यों द्वारा राष्ट्रगान गाया गया।

ध्वजारोहण के पश्चात प्राचार्या डॉ. नवजोत गिल ने अपने संबोधन में भारतीय संविधान की महत्ता, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा नागरिक कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की याद दिलाता है और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा देता है।

कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ की उपस्थिति रही। पूरे परिसर में देशभक्ति का वातावरण बना रहा। समारोह का समापन राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा करने की शपथ के साथ किया गया।


### कार्यक्रम का परिणाम / Outcome:

- छात्राओं एवं स्टाफ में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय भावना का विकास हुआ।
- भारतीय संविधान एवं नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ी।
- राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं संप्रभुता के प्रति प्रतिबद्धता सुदृढ़ हुई।
- स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के प्रति सम्मान की भावना विकसित हुई।
- राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता हेतु प्रेरणा प्राप्त हुई।



**शाह सतनाम जी गर्ल्स कॉलेज में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया**

बीझबायला- श्री गुरुसर मोड़िया शाह सतनाम जी गर्ल्स कॉलेज, श्री गुरुसर मोड़िया में 26 जनवरी 2026 को 77वां गणतंत्र दिवस गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः ध्वजारोहण समारोह से हुआ, जिसमें कॉलेज की प्राचार्या डॉ. नवजोत गिल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उपस्थित समस्त स्टाफ सदस्यों द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। ध्वजारोहण के पश्चात प्राचार्या डॉ. नवजोत गिल ने अपने संबोधन में भारतीय संविधान की महत्ता, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा नागरिक कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की याद दिलाता है और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ की उपस्थिति रही। पूरे परिसर में देशभक्ति का वातावरण बना रहा। समारोह का समापन राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा करने की शपथ के साथ किया गया।






पंजाब केसरी WED,28 JANUARY 2026
EDITION: SHRI GANGA NAGAR, PAGE NO. 3

**शहर की गतिविधियां**

**संविधान, कर्तव्य और राष्ट्रनिर्माण की प्रेरणा : डॉ. नवजोत गिल**

श्रीगंगानगर (असीजा): शाह सतनाम जी गर्ल्स कॉलेज, श्री गुरुसर मोड़िया में 77वां गणतंत्र दिवस अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: ध्वजारोहण से हुआ, जहां कॉलेज की प्राचार्या डॉ. नवजोत गिल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके पश्चात समस्त स्टाफ सदस्यों ने राष्ट्रगान गाकर देशभक्ति की भावना को सशक्त किया।

ध्वजारोहण के उपरांत प्राचार्या डॉ. नवजोत गिल ने अपने प्रेरक उद्बोधन में भारतीय संविधान की गरिमा, लोकतंत्र की शक्ति और नागरिकों के कर्तव्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को स्मरण करने और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को समझने का अवसर है।

कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों की उपस्थिति रही। पूरे परिसर में देशभक्ति का वातावरण छाया रहा।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस : 08 मार्च 2026

## International Women's Day

### Speech & Poetry Competition

स्थान: शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय, श्री गुरुसर मोडिया

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई के तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण विषय पर भाषण एवं कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास, समानता एवं सामाजिक जागरूकता का विकास करना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. नवजोत कौर गिल ने की। उन्होंने अपने संबोधन में छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने तथा शिक्षा के माध्यम से सशक्त होने के लिए प्रेरित किया।

प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी श्रीमती ललिता ने महिला सुरक्षा एवं अधिकारों की जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ और छात्राओं में नई ऊर्जा एवं प्रेरणा का संचार हुआ।

### कार्यक्रम का परिणाम / Outcome

- छात्राओं में आत्मविश्वास एवं अभिव्यक्ति कौशल का विकास हुआ
- महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ी
- सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों को बढ़ावा मिला






# राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) वार्षिक प्रतिवेदन सारांश (2025-26)




शाह सतनाम जी गर्ल्स महाविद्यालय, श्री गुरुसर मोडिया में दिनांक 9 मार्च 2026 से 15 मार्च 2026 तक "मेरा युवा भारत एवं डिजिटल साक्षरता के लिए युवा" थीम पर आधारित सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, पर्यावरण जागरूकता, डिजिटल साक्षरता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विकसित करना था।

शिविर के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, साइबर जागरूकता कार्यक्रम, योग सत्र, बैंकिंग साक्षरता भ्रमण तथा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम प्रमुख रहे। इन गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहन मिला तथा उनमें सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित हुई।

शिविर का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण के साथ सफलतापूर्वक हुआ, जिसने छात्राओं को राष्ट्र निर्माण एवं समाज सेवा के प्रति प्रेरित किया।






# ‘NOT ME BUT YOU’




# SHAH SATNAM JI GIRLS COLLEGE
# SRI GURUSAR MODIA

Tehsil Suratgarh, Dist. Sri Ganganagar, Raj.
Affiliated to MGSU Bikaner (Raj.)

“ NSS instills the spirit of selfless service, discipline and social responsibility among students.
Our volunteers are committed to the welfare of society and the development of the nation. ”



NAVXCREATION